ई–मेल/विभागी
य वेवसाईट/
साधारणडाक से

# बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग

पत्रांक–BRRDA(HQ)-PMGSY-625/2020 – 2709 /पटना, दिनांक–15/12/2020

प्रेषक,

संजय दूबे, भा०प्र०से०
अपर सचिव।

सेवा में,

महालेखाकार, बिहार
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

**विषय** :प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना–I के अन्तर्गत बिहार राज्य के विभिन्न जिलों में पुल निर्माण की कुल 148 योजनाओं के लिये स्तम्भ–8 में अंकित लम्बाई (मी0) एवं स्तम्भ–13 में निर्माण तथा अनुरक्षण सहित अंकित राशि पर अलग–अलग योजनाओं के लिये जिनकी कुल राशि **रू0 357.0046 करोड़ रूपये (तीन अरब संत्तावन करोड़ छियालीस हजार रूपये)** मात्र है, पर योजनावार प्रशासनिक अनुमोदन प्रदान किये जाने के संबंध में।

आधिकारिक/वित्तीय सलाहकार द्वारा/प्रशासनिक रूप से परामर्शित

महाशय,

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना–I के अन्तर्गत ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राज्य के 18 जिलों यथा अररिया, औरंगाबाद, बांका, भागलपुर, भोजपुर, दरभंगा, गया, जमुई, कटिहार, मधेपुरा, मधुबनी, नालन्दा, नवादा, पूर्णिया, रोहतास, सहरसा, शिवहर एवं सुपौल जिलों में राज्य को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना–I अन्तर्गत स्वीकृत पथों पर छूटे हुए पुलों के लिए समर्पित विस्तृत परियोजना प्रतिवेदनों पर स्वीकृति प्रदान की गयी है।

2. ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के पत्रांक–17024/4(4)/2018-RC (FMS No 364034) दिनांक–03.12.2020 के द्वारा कुल 166 पुलों जिनकी (लम्बाई 10137.32 मी0) जिनकी कुल प्राक्कलित राशि रू0 493.3807 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गयी है। कुल स्वीकृत राशि रू0 493.3807 करोड़ जिसमें राज्यांश की राशि रू0 239.4355 करोड़ है।

इनमें से 0–5.00 करोड़ की योजनाओं पर स्तम्भ–13 में अंकित राशि के निर्माण हेतु अलग–अलग योजनाओं के लिये निर्माण तथा अनुरक्षण हेतु क्रमशः राशि रू0 352.1057 करोड़ रूपये तथा रू0 04.8989 करोड़ रूपये जिनकी कुल राशि **रू0 357.0046 करोड़ रूपये (तीन अरब संत्तावन करोड़ छियालीस हजार रूपये)** मात्र है, पर अंकित योजनाओं के लिए विधिवत् योजनावार प्रशासनिक अनुमोदन प्रदान किया जाता है:–

14/12/2020

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 111 | Madhepura | Uda Kishunganj | Alamnagar | BR-20R-223 | L027-T-06 Ratwara to Kapasia (VR14) | Constuction of RCC Bridge in T06 Ratwara To Kapsiya Over Laliya Dhar | 58.66 | 134.07 | 201.10 | 335.16 | 2.98 | 338.14 |
| 112 | Madhepura | Uda Kishunganj | Alamnagar | BR-20R-224 | L028-T-06 bargawn to prail (VR15) | Construction of RCC bridge overTararua Bargaon Ghat Bridge | 45.12 | 112.28 | 168.42 | 280.70 | 2.50 | 283.20 |
| 113 | Madhepura | Uda Kishunganj | Alamnagar | BR-20R-225 | T04 BAJRAHA - LAUKA | Construction of RCC Bridge in 3rd KM | 45.12 | 113.04 | 169.57 | 282.61 | 2.51 | 285.12 |
| 114 | Madhepura | Uda Kishunganj | Alamnagar | BR-20R-226 | T04 BAJRAHA - LAUKA | Construction of Rcc Bridge at 2nd Km | 25.58 | 73.89 | 110.83 | 184.72 | 1.50 | 186.22 |
| 115 | Madhepura | Uda Kishunganj | Alamnagar | BR-20R-227 | L023-T-03 RCD ROAD FARASAHI CHOK to TILAKPUR (VR10) | Construction of RCC Bridge Near Tilakpur | 45.12 | 112.96 | 169.44 | 282.39 | 2.48 | 284.87 |
| 116 | Madhepura | Uda Kishunganj | Alamnagar | BR-20R-228 | T04 BAJRAHA - LAUKA | Construction of RCC Bridge at 1st Km | 58.66 | 132.90 | 199.35 | 332.25 | 3.00 | 335.25 |
| 117 | Madhepura | Uda Kishunganj | Chausa | BR-20R-230 | T01 - BIN TOLA | Construction of RCC Bridge in T01 To Bin Tola | 39.12 | 93.13 | 139.70 | 232.83 | 2.29 | 235.12 |
| 118 | Madhepura | Uda Kishunganj | Gwalpara | BR-20R-231 | YADAV TOLA PANDOKIYA MILIK - BABHANGAWAN | Construction of RCC bridge in 2nd Km | 35.12 | 97.54 | 146.31 | 243.85 | 2.10 | 245.95 |
| 119 | Madhubani | Jhanjharpur | Andhra ntharhi | BR-21R-694 | nav nagar - MADNA B | RCC Bridge in nav nagar - MADNA at ch-2.00km | 39.88 | 85.24 | 127.87 | 213.11 | 2.91 | 216.02 |
| 120 | Madhubani | Jhanjharpur | Madhepur | BR-21R-695 | L033-BHEJA KOSI BANDH TO MAHPATIA (ODR35) | Construction of RCC bridge Over Tilyuga River ar Ch. 6.80 km | 58.66 | 138.62 | 207.93 | 346.55 | 1.97 | 348.52 |
| 121 | Madhubani | Jhanjharpur | Madhepur | BR-21R-696 | L031-KURSON TO BASSIPATTI (ODR36) | Construction of RCC bridge over Tilyuga River | 76.66 | 158.37 | 225.50 | 383.88 | 2.41 | 386.29 |
| 122 | Madhubani | Jhanjharpur | Madhepur | BR-21R-697 | L044-BASIPATTI ROAD TO RAMPURA (TRACK42) | Buthi Balan River | 43.60 | 72.32 | 108.49 | 180.81 | 1.62 | 182.43 |
| 123 | Madhubani | Jhanjharpur | Madhepur | BR-21R-698 | L054-JOGIA ROAD TO SUNARI (VR50) | Construction of RCC Bridge oin Jogia To Sunri Road in 1st Km | 43.60 | 68.81 | 103.22 | 172.03 | 1.62 | 173.65 |
| 124 | Madhubani | Jhanjharpur | Madhepur | BR-21R-699 | BHEJA KOSHI BANDH - MAHPATIA | Construction of RCC Bridge in Bheja Kosi Bandh To Mahapatiya Road at Ch. 2.1 km | 76.66 | 158.70 | 225.98 | 384.68 | 2.37 | 387.05 |
| 125 | Madhubani | Jhanjharpur | Madhepur | BR-21R-700 | L046-SINGIAUN ROAD TO BARIYARBA (VR29) | Construction of RCC Bridge over Tilyuga River at Ch. 1.2 km | 76.66 | 171.17 | 242.97 | 414.14 | 3.73 | 417.87 |
| 126 | Madhubani | Jhanjharpur | Madhepur | BR-21R-701 | L033-BHEJA KOSI BANDH TO MAHPATIA (ODR35) | Construction of RCC Bridge over Kosi Old Stream | 58.66 | 144.04 | 216.07 | 360.11 | 3.08 | 363.19 |
| 127 | Nalanda | Harnaut | Harnaut | BR-24R-337 | L027-T03 To Baruntar (VR27) | A H.L R.C.C Bridge over Chiraiya River | 41.68 | 112.84 | 169.25 | 282.09 | 4.34 | 286.43 |
| 128 | Nawada | Nawada | Hisua | BR-25R-686 | L043-LO52 TO BHOLABIGHA (TRACK20) | Construction of RCC Bridge on the Road, T01 Kaithir Chakpar To Bhola Bigha over Dhadhai River | 58.08 | 98.91 | 148.37 | 247.28 | 14.98 | 262.26 |
| 129 | Nawada | Nawada | Hisua | BR-25R-687 | L034-T01 TO KAHARIA (TRACK11) | Construction of RCC Bridge on the Road T01 To Kaharia (TRACK11) over Tilaiya River | 96.80 | 138.54 | 207.82 | 346.36 | 6.28 | 352.64 |
| 130 | Nawada | Nawada | Kauakol | BR-25R-688 | L078-KAWAKOL JAMUI ROAD TO MACHANDRA (TRACK51) | Construction of RCC Bridge (3x18.75m) with 100m Approch near Ch 225 in the Road LO78 KAUAKOL JAMUI R | 58.08 | 104.65 | 156.98 | 261.63 | 4.23 | 265.86 |

इनमें से 0–5.00 करोड के कुल 148 पुलों लम्बाई 7296.28 मी0 अनुरक्षण सहित कुल प्राक्कलित राशि रू0 357.0046 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गयी है। जिसमें राज्यांश की राशि क्रमशः 143.6184 करोड़ रूपये की राशि होगी जो PMGSY (राज्यांश) मद के लिये राज्य बजट से प्राप्त होने वाली राशि से भारित होगी तथा अनुरक्षण की राशि रू0 04.8989 करोड़ रूपये होगी जो गैर योजना बजट 3054 से प्राप्त होने वाली राशि से भारित होगी। विभाग के लिए शीर्ष 3054 के तहत प्रावधानित बजटीय उपबंध से अनुरक्षण कार्य के लिए कर्णांकित राशि से वहन किया जायेगा। यहॉ यह उल्लेखनिय है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के वर्ष 2020–21 (Batch-I) के अन्तर्गत Programme fund से कार्यान्वित की जाने वाली इन योजनाओं के लिए अनुरक्षण हेतु निर्धारित अवधि 05 साल है।

3. ग्रामीण कार्य विभाग के संबंधित कार्य प्रमंडलों के कार्यपालक अभियंता इस योजना के कार्य सम्पादन हेतु निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी होंगे। कार्य प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के मार्गदर्शिका के अनुसार मानक निविदा अभिलेख पर e-tendering पद्धति से निविदा के माध्यम से कराया जायेगा। इन योजनाओं में स्तम्भ–6 में पथवार अंकित पथों पर पुलों का निर्माण किया जाना है।

4 योजना के कार्यान्वयन से पूर्व इस पर सक्षम पदाधिकारी से प्रावैधिक स्वीकृति प्राप्त कर ली जायेगी।

5 यह एक केन्द्रीय योजना है जिसका कार्यान्वयन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के दिशा–निर्देश के आलोक में किया जाना है। पथ निर्माण के लिये मूल स्वीकृत राशि का 60 प्रतिशत का वहन ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा एवं 40 प्रतिशत बिहार सरकार द्वारा PMGSY के लिए निर्धारित Matching State Share के माध्यम से किया जाता है। राज्य सरकार के द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार दर पुनरीक्षण के कारण लगने वाली अधिकाई राशि का वहन भी विभाग के योजना बजटशीर्ष–4515 नई सड़कें एवं पुल मद में PMGSY (राज्यांश) मद में प्राप्त हाने वाली राशि से किया जाएगा।

6 वित्त विभाग के संकल्प संख्या–3758/वि0, दिनांक–31.05.2017 के प्रावधानित बिन्दुओं तथा बिहार वित्त नियमावली के सुसंगत प्रावधानों के आलोक में राशि व्यय किया जाना अपेक्षित है।

7 प्राक्कलन की विशिष्टताओं के अनुसार निर्धारित समयावधि के अन्दर कार्य पूर्ण किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

8 योजना के कार्यान्वयन के क्रम में कार्यान्वयन अंतराल पर निर्धारित निरीक्षण कराया जाना अनिवार्य होगा। यह संबंधित कार्यपालक अभियंता का दायित्व होगा कि निरीक्षण विकरणी विहित प्रपत्र में निर्धारित चरणवार अभिलेखबद्ध किया जायेगा तथा विभाग को उपलब्ध कराया जायेगा।

9 संबंधित कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग विहित प्रपत्रों एवं अन्तराल पर योजना की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति प्रतिवेदन निश्चित रूप से अधीक्षण अभियंता एवं मुख्य अभियंता के माध्यम से विभाग को उपलब्ध करायेंगे।

14/12/2020

10 इस योजना के लिए सक्षम प्राधिकार की स्वीकृति ग्रामीण कार्य विभाग के संचिका संख्या–BRRDA(HQ)-PMGSY-625/2020 के पृ0–14 / टि0 पर दिनांक– 5.12.2020 को प्राप्त है।

11 यह आदेश वित्त विभाग के संकल्प संख्या–4–45 / 94–301वि (2), दिनांक–31.01.1995, वित्त विभाग के पत्रांक स्कीम (8)–11–2005–5090 वि (2), दिनांक–15.09.2005, वित्त विभाग के पत्रांक एम–4–53 / 2007–3758 वि०, दिनांक–31.05.2017, के प्रावधानों एवे वित्त नियामावली, खण्ड–1 के नियम 8 के दृष्टिपथ में आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति से निर्गत किया जा रहा है तथा ग्रामीण कार्य विभाग के संकल्प संख्या–मु०अ०–4–PMGSY-5-17/09-4168, दिनांक–22.06.09 के आलोक में निर्गत किया जा रहा है। आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका संख्या–BRRDA(HQ)-PMGSY-625/2020 पृ0–16 / टि0 पर दिनांक–11-12-2020 को प्राप्त है।

विश्वासभाजन

14/12/2020

(संजय दूबे)

अपर सचिव

ज्ञापांक : BRRDA(HQ)-PMGSY-625/2020 - 2709 / पटना, दिनांक–15/12/2020

प्रतिलिपि : सभी संबंधित कोषागार पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

14/12/2020

अपर सचिव

ज्ञापांक : BRRDA(HQ)-PMGSY-625/2020 - 2709 / पटना, दिनांक–15/12/2020

प्रतिलिपि– माननीय मंत्री के आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग / प्रधान सचिव, योजना एवं विकास विभाग / वित्त विभाग (आय–व्यय शाखा) / मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग / कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग / सभी प्रमंडलीय आयुक्त / सभी जिला पदाधिकारी / आंतरिक वित्तीय सलाहकार, ग्रामीण कार्य विभाग / अभियंता प्रमुख, ग्रा0 का० वि०, बिहार, पटना / सभी मुख्य अभियंता, ग्रा0 का0 वि0 / अभियंता प्रमुख के सचिव (प्रा0), ग्रा0 का0 वि0 / सभी संबंधित अधीक्षण अभियंता, ग्रा0 का0 वि0, कार्य अंचल / सभी संबंधित कार्यपालक अभियंता, ग्रा0 का0 वि0 कार्य प्रमंडल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

14/12/2020

अपर सचिव